वर्ष- 3 , अंक- 44
छपरा
2 जनवरी शुक्रवार 2026
पृष्ठ - 04
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# नया साल- 2 लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए

## वैष्णो देवी मंदिर में भीड़ बढ़ने पर रजिस्ट्रेशन बंद ; महाकाल मंदिर में एक लाख भक्तों दर्शन किए



**नई दिल्ली/भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** नए साल पर देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ पहुंची है। मथुरा में बांके-बिहार मंदिर में दर्शन करने वालों की भीड़ लगी हुई है। 12 बजे तक 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने मंदिर में दर्शन किए।

मंदिर प्रशासन ने लोगों से 5 जनवरी तक दर्शन के लिए न आने की अपील की है। अयोध्या में दोपहर 12 बजे तक 2 लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए हैं। यहां भी बहुत भीड़ है।

उज्जैन के महाकाल मंदिर में काफी भीड़ है। उपकप्तान स्मृति मंधाना समेत महिला क्रिकेट टीम की कुछ सदस्य भी यहां दर्शन करने पहुंची हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन करने वालों की बहुत भीड़ है। अव्यवस्था से बचने के लिए वैष्णो देवी मंदिर श्राइन बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन रोक दिए हैं।

देशभर से साल 2026 के पहले सूर्योदय की तस्वीरें भी सामने आई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

**उज्जैन में महाकालेश्वर की भस्म आरती :** मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में सुबह की भस्म आरती का नजारा अद्भुत दिखा। लाखों भक्त बाबा महाकाल के दर्शन के लिए जुटे। भस्म आरती के दौरान मंदिर में पूरा वातावरण भक्ति से भर गया। लोग दूर से आए हैं, ताकि नए साल की शुरुआत महाकाल के चरणों में करें। मंदिर प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की थी।



### वाराणसी में काशी विश्वनाथ की मंगला आरती

वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में भी सुबह की मंगला आरती में भक्तों की भारी भीड़ है। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए लोग घंटों इंतजार करते रहे। आसपास के घाटों पर भी गंगा आरती हुई, जहां लोग नए साल की शुभकामनाएं देते दिखे।

### महिला क्रिकेट टीम ने किए महाकाल के दर्शन

मध्यप्रदेश में नए साल के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में सुबह 9 बजे तक करीब एक लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। विश्वकप विजेता महिला क्रिकेट टीम की सदस्य भी बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंची। इससे पहले 2025 की विदाई और 2026 के वेलकम के लिए रात में ग्रैंड सेलिब्रेशन हुआ। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-जबलपुर हो या उज्जैन, पचमढ़ी, मांडू। देर रात तक पूरा प्रदेश जश्न में डूबा रहा। रात ठीक 12 बजे हैप्पी न्यू ईयर गूंज उठा।

### शाह बोले- ममता सरकार में मां, माटी, मानुष असुरक्षित

# भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा- दिल पर लिख लो, इस बार भाजपा सरकार

**कोलकाता,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव में जीत का लक्ष्य तय करने को कहा। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा- ममता सरकार ने 'मां, माटी, मानुष' का नारा दिया था, लेकिन आज उनके कार्यकाल में सुरक्षित नहीं है।

शाह ने कहा- बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं, जमीन पर माफियाओं का कब्जा है और लोग पलायन को मजबूर हैं। शाह ने कहा कि घुसपैठिए न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर बोझ हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की सांस्कृतिक पहचान के लिए भी खतरा हैं।

शाह ने कहा- ममता सरकार ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। करोड़ों रुपए के घोटाले हुए हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाला, SSC घोटाला, नगर निगम भर्ती घोटाला, कोयला घोटाला, राशन घोटाला, एमजीएनआरईजीए घोटाला और पीएम आवास योजना घोटाला शामिल हैं।

गृह मंत्री ने कहा- 2016 से 2025 के बीच भाजपा के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। अपने 42 सालों के सार्वजनिक जीवन में मैंने ऐसा बलिदान और समर्पण कभी नहीं देखा। अब समय आ गया है कि उन बलिदानों का फल दिया जाए। दिल पर लिख लो, इस बार हमारी सरकार।



### शाह बोले- कोलकाता और आसपास की 28 में से 22 सीटें जीतने का लक्ष्य

शाह ने कोलकाता और आसपास के इलाकों से 28 में से 22 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा। कोलकाता और उससे सटे शहरी इलाकों में जादवपुर, दमदम और मध्य कोलकाता की जोरासांको, श्यामपुकुर जैसी सीटें शामिल हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। अपने करीब एक घंटे के भाषण में शाह ने भवानीपुर सीट का भी जिक्र किया, जहां से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2021 का उपचुनाव जीता था।

# इंदौर में दूषित पानी से 14वीं मौत...1400 लोग इंफेक्टेड

## 162 भर्ती; मृतकों के परिजन ने चेक लेने से मना किया, मंत्री विजयवर्गीय भी मौजूद थे

**इंदौर,एजेंसी।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से अब तक 14 लोगों की मौत की जानकारी मिली है। 14वें मृतक का नाम अरविंद (43) पिता हीरालाल है। वह कुलकर्णी भट्टा का रहने वाला था। इससे पहले 21 से 31 दिसंबर तक 13 लोगों की मौत हो चुकी थी। गुरुवार सुबह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भागीरथपुरा इलाके में पहुंचे। इस दौरान 7 मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए के चेक दिए। परिजन ने मंत्री की मौजूदगी में नाराजगी जताते हुए कहा-हमें आपका चेक नहीं चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 7992 घरों का सर्वे किया है। इनमें 2456 लोग इंफेक्टेड और संदिग्ध मिले। 200 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 40 को डिस्चार्ज किया जा चुका है। 162 लोगों को




अलगङ्कअलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एमपी हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने एक जनहित याचिका पर सरकार से 2 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सभी का फ्री इलाज कराने के आदेश भी दिए हैं।

**परिवार का इकलौता बेटा था अरविंद :** अरविंद रविवार को भागीरथपुरा में काम करने के लिए पहुंचा था, तबीयत खराब होने पर घर लौट गया। इस पर घर पर रहकर ही दवाइयां ले रहा था। इसके बाद परिजन उसे लेकर एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। अरविंद के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं, जो अलग रहते हैं। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था।

**सवाल पर भड़के मंत्री विजयवर्गीय बोले- तुम फोकट सवाल मत पूछो :** सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में एक बैठक में कहा- ऐसी कष्टदायक स्थिति फिर कभी निर्मित न हो। आप सब इसके व्यापक प्रबंध करने में जुटें। जिम्मेदार बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा- रिपोर्ट मिलने के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


बैठक में हिस्सा लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बाहर आए तो मीडिया ने सवाल किए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन को इलाज में खर्च पैसों का रिफंड न मिलने को लेकर विजयवर्गीय ने कहा- अरे छोड़ो यार...तुम फोकट सवाल मत पूछो।

इस पर रिपोर्टर ने कहा- यह फोकट सवाल नहीं है। हम वहां होकर आए हैं। इसके जवाब में मंत्री विजयवर्गीय ने झल्लाते हुए अपशब्द कह दिए। हालांकि, कुछ ही देर बाद उन्होंने X पर पोस्ट कर अपने शब्दों पर खेद जताया।



# यूपी के 35 शहरों में घना कोहरा राजस्थान-हरियाणा में बारिश

### पूरे बिहार में कोल्ड डे-कोहरे का अलर्ट



**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में आज घना कोहरा छाया हुआ है। कोल्ड वेव भी है। मेरठ-गाजियाबाद समेत 14 जिलों में बारिश की संभावना है। बुधवार को कानपुर सबसे ठंडा रहा, यहां मिनिमम टेम्परेचर 4.6डिग्री रहा।

राजस्थान के जयपुर-चित्तौड़गढ़ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। आज 8 से ज्यादा जिलों में बारिश की चेतावनी है। हरियाणा के कुछ शहरों में बारिश हुई है। प्रदेश के सभी स्कूलों में आज से विंटर वेकेशन घोषित किए गए।

पंजाब के ज्यादातर जिलों में घना कोहरे छाया। बूंदाबादी भी हुई, कोल्ड वेव भी है। मौसम विभाग ने सभी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरदासपुर में सबसे कम टेम्परेचर 5.2डिग्री रहा।

पहाड़ी राज्यों हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जारी है। दिल्ली में 31 दिसंबर को पिछले 6 साल में सबसे कम टेम्परेचर 6.4 डिग्री रहा था। 2019 में ये 9.4डिग्री था। आज दिल्ली में भी बारिश का अलर्ट है।

**दिल्ली में बारिश के आसार :** पश्चिमी राजस्थान, सौराष्ट्र और कच्छ में बारिश हो सकती है। वहीं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान और जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में भी आज बारिश के आसार हैं। उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों जैसे प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर, बरेली में भारी धुंध छाएगी और इस दौरान दृश्यता शून्य रहेगी। बिहार, पंजाब, असम और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में आज धुंध छाई रहेगी। पंजाब में भी ठंड का प्रकोप जारी है। राज्य में रातें काफी सर्द हैं और कई दिनों से तापमान एक अंकों में चल रहा है।

### असम के गुवाहाटी में स्कूल बंद

पूर्वोत्तर में, असम के गुवाहाटी में दिन के तापमान में इतनी तेज गिरावट आई कि अधिकारियों ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक सप्ताह के लिए स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। बादलों से घिरे आसमान, रुक-रुक कर होने वाली बूंदाबांदी और ठंडी हवा ने हालात को काफी मुश्किल बना दिया है।

**झारखंड में तापमान में लगातार गिरावट :** बता दें कि इस समय पूर्वी भारत भी कड़ाके की चपेट में है। आईएमडी के नए बुलेटिन के अनुसार, झारखंड में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई, जिससे कई जिलों में विजिबिलिटी खतरनाक रूप से कम हो गई, जबकि कुछ जगहों पर तापमान 4 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया।

# पुणे में शिवसेना उम्मीदवार ने दूसरे कैंडिडेट का फॉर्म निगला, केस दर्ज

### आरोपी बोला- मैं आधिकारिक उम्मीदवार ; महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव से पहले एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। पुणे में शिवसेना के एक उम्मीदवार पर अपनी ही पार्टी के कैंडिडेट का A-B फॉर्म फाड़कर निगल लिया। घटना बुधवार को धनकवड़ी सहकारनगर वार्ड कार्यालय में हुई। बाद में भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में शिवसेना के उम्मीदवार उद्धव कांबले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुणे में वार्ड नंबर 34 के लिए शिवसेना के दो उम्मीदवारों को A-B फॉर्म जारी किए गए थे। इसके बाद शिवसेना के उम्मीदवारों कांबले और मच्छिंद्र धवले के बीच तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान, कांबले ने धवले का A-B फॉर्म छीन लिया, उन्हें फाड़ दिया और टुकड़े निगल लिए। फॉर्म A और B जरूरी दस्तावेज हैं जिनके तहत एक राजनीतिक पार्टी किसी खास नॉमिनी को चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित करती है।



BMC समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने हैं, काउंटिंग अगले दिन होगी।

### कांबले हिरासत में, पूछताछ जारी

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस कांबले की तलाश कर रही थी। इस दौरान दस्तावेज निगलने वाले उद्धव कांबले खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वे पार्टी के कुछ पदाधिकारियों के साथ खुद पुलिस के सामने आए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे वार्ड संख्या 36 से पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार हैं और पार्टी ने उन्हें A-B फॉर्म दिया था। हालांकि, चुनाव प्रक्रिया के दौरान उनके कार्यों के कारण उन्हें हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# ओला-उबर से 30प्रतिशत तक सस्ती भारत टैक्सी, किराए में 100 से ज्यादा का अंतर

### दिल्ली में इस महीने, मुंबई-पुणे में छह महीने बाद शुरू

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार की सहकारी सर्विस 'भारत टैक्सी' जनवरी 2026 से दिल्ली और गुजरात में शुरू हो सकती है। यह छह महीने बाद मुंबई, पुणे में शुरू होगी। सहकारी टैक्सी का ट्रायल डेढ़ महीने पहले दिल्ली और गुजरात के राजकोट में शुरू हुआ था, जो सफल रहा है।

अपने पायलट प्रोजेक्ट में यह ओला-उबर पर भारी पड़ रही है। सहकारी टैक्सी पीक ऑवर में अपनी प्राइवेट प्रतिद्वंद्वियों से 25 से 30प्रतिशत तक सस्ती पड़ रही है।

इसी दौरान ओला, उबर, रैपिडो और भारत टैक्सी के रेट की जांच की। पीक ऑवर यानी सुबह 9, शाम 7 और रात 10 बजे रियल टाइम में भारत टैक्सी और ओला-उबर के रेट में 100 से ज्यादा का अंतर मिला। जबकि नॉर्मल ऑवर यानी सुबह 8 बजे, दोपहर 2 बजे यह अंतर घटकर महज 5-20 रह जाता है।

बता दें कि भारत टैक्सी भी ओला-उबर की तरह एप से ही बुक होती है। इसे भारतीय सहकारिता कंपनी सहकारी टैक्सी कॉपरेटिव लि. संचालित करेगी। इसके चेयरमैन अमूल के मालिक जयंत मेहता हैं। जबकि कर्नाटक में सफल हो चुकी नम्मा टैक्सी को पीपीपी मॉडल में सर्विस दे रहे मूविंग टेक प्राइवेट लि. टेक पार्टनर है।




**एप से दिल्ली में 2.75 लाख ग्राहक और 1.50 लाख ड्राइवर जुड़े :** भारत टैक्सी से दिल्ली में अब तक 2.75 लाख ग्राहक और 1.50 लाख ड्राइवर जुड़ चुके हैं। इनमें से 1.10 लाख ड्राइवर ऑनबोर्ड हो चुके हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्राइवेट कंपनियां अभी नॉर्मल ऑवर में रेट गिरा रही हैं। हमें इसके लिए एग्रीगेटर मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव कराना जरूरी है। इस एक्ट में पीक ऑवर में 50त्न रेट बढ़ाने तो नॉर्मल टाइम में 50त्न रेट गिराने का विकल्प है। इससे कंपनियां तो मालामाल हुईं, लेकिन ड्राइवर नहीं। पटेल चौक मेट्रो पर ओला ड्राइवर मंजीत सिंह तेवतिया ने कहा, भारत टैक्सी का रेट कम है। इसकी बुकिंग भी आसान है। यह एप दिल्ली पुलिस की ऑनलाइन सेवा से सीधे जुड़ा है। इससे मुश्किल में पुलिस की तुरंत सहायता मिल जाती है। कमीशन के तौर पर जहां भारत टैक्सी जहां एक दिन के सिर्फ 30 रुपए लेती है, वहीं उबर 187 तो ओला 149 रुपए कमीशन चार्ज करती है।

### डीजीसीए का एअर इंडिया पायलट को कारण बताओ नोटिस




**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एअर इंडिया के एक पायलट को तकनीकी खराबी वाला प्लेन उड़ाने के लिए शो-कॉज नोटिस जारी किया है। यह मामला गुरुवार को सामने आया। फ्लाइट AI-358 और AI-357 हैं। DGCA के मुताबिक विमान में पहले से कई तकनीकी खराबियां दर्ज थीं। इसके बावजूद विमान को ऑपरेट किया गया। DGCA ने पायलट का नाम नहीं बताया है। यह नोटिस कब भेजा गया, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। DGCA के मुताबिक AI-358 के दौरान PACK ACM L (लेफ्ट एयर साइकिल मशीन) और पैक मोड से जुड़ी चेतावनी मिली। साथ ही R2 दरवाजे के पास धुएं जैसी गंध की शिकायत भी हुई। फिर भी विमान ऑपरेट किया गया। इसी सिस्टम से जुड़ी खराबियां पहले की 5 उड़ानों में भी दर्ज की गई थीं।

### राजस्थान के युवक की अमेरिका में मौत



विपिन चौधरी

**अलवर,एजेंसी।** राजस्थान के युवक की अमेरिका के जॉर्जिया में साइलेंट (हार्ट) अटैक से मौत हो गई। युवक अपनी करीब डेढ़ बीघा जमीन बेचकर अमेरिका गया था। वह वहां शॉपिंग मॉल में बिलिंग का काम करता था। 29 दिसंबर की रात अपने घर पर वीडियो कॉल पर बात कर सोया था। अगले दिन 30 दिसंबर को नहीं उठा। दोस्त हॉस्पिटल लेकर गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह खैरथल-तिजारा जिले का रहने वाला था। अब परिवार बेटे के शव आने का इंतजार कर रहा है।

2024 में अमेरिका गया था जाट बहरोड़ गांव का रहने वाला विपिन चौधरी (24) पुत्र हवा सिंह जून 2024 में जॉर्जिया गया था। इससे पहले वह पंजाब के किसी युवक के संपर्क में आया था। इसके बाद उसने अपनी करीब डेढ़ बीघा पुश्तैनी जमीन बेच दी थी। 30 से 40 लाख रुपए खर्च कर वह अमेरिका गया था। उसके बाद वह गांव कभी नहीं आया। उसकी प्लानिंग थी कि दो-तीन साल लगातार रहकर काम किया जाए ताकि ज्यादा-से-ज्यादा पैसा कमाया जा सके। उसके बाद ही घर लौटने की योजना थी।

### भारत-नेपाल सीमा 3 बांग्लादेशी समेत चार संदिग्ध गिरफ्तार

**मोतिहारी,एजेंसी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल स्थित भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन बांग्लादेशी नागरिक है। जबकि चौथा युवक इनके सहयोगी भारतीय नागरिक है। जो उन्हें सीमा पार कराने में मदद कर रहा था। एसएसबी के अधिकारियो के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी,कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोग मौजूद है,जो सीमा पार करने के फिराक में है। सूचना के आलोक में एसएसबी के जवानों ने संभावित इलाकों की घेराबंदी करते हुए इन चारों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया,और पूछताछ शुरू की गई तो यह सामने आया कि पकड़े गए चार में से तीन बांग्लादेशी नागरिक हैं,जबकि एक भारतीय युवक है।

# मंत्री ने सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

● **बिहार वासियों के सुख समृद्धि व विकसित बिहार हों इसके लिए बाबा हरिहरनाथ से मंत्री ने की कामना**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नए वर्ष 2026 के प्रथम दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहलेजा घाट गंगा नदी एवं सोनपुर के नारायणी नदी में स्नान करने के उपरांत प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर में %हर हर महादेव% के जयकारों और %अद्भुत% श्रद्धा के साथ पटना,हाजीपुर एवं सारण जिले के हर क्षेत्र के भारी संख्या में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुँच कर लंबी लाइन में खड़े होकर बाबा हरिहरनाथ की जयकार लगाते हुए अपनी बारी की इंतजार कर हरी व हर पर जलाभिषेक किया.जहाँ भक्तों ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए बाबा हरिहरनाथ के दर्शन किए, बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य देवलयों में श्रद्धालु ने पहुंचकर पूजा अर्चना किया. हरिहरनाथ मंदिर प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन के लिए पुख्ता इंतज़ाम किए,हुए थे । नव वर्ष के लेकर बाबा हरिहरनाथ मन्दिर में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी का आगमन हुआ। पूर्व मंत्री सह बिहार राज्य स्वर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह ने भी बाबा के दरबार में पहुंचकर बाबा हरिहरनाथ का रुद्राभिषेक और पूजन वन्दन किए। वही दूसरी ओर प्रदेश भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष शाही ने अपने पूरा परिवार के साथ बाबा हरिहरनाथ में पूजा अर्चना किया।उपर्युक्त अवसर पर भाजपा जदयू पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री अशोक चौधरी व पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह ने नए साल के मौके पर बिहार वासियों के लिए सुख शांति समृद्धि व विकसित बिहार हों इसके लिए भगवान हरिहरनाथ से कामना की। इस अवसर पर बाबा हरिहरनाथ मन्दिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला,भाजपा नेता राकेश सिंह,नगर भाजपा अध्यक्ष मुकेश सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य लोगो ने मंत्री अशोक चौधरी व पूर्व मंत्री,प्रदेश भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष शाही के अंगवस्त्र और भगवान हरिहरनाथ का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किए।उपर्युक्त अवसर पर हरिहरनाथ मन्दिर न्यास के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील शास्त्री,सदानंद पाण्डेय, बमबम पाण्डेय, नन्द कुमार बाबा उपस्थित होकर पूजन वन्दन में साथ दिया। मंदिर प्रबंधक ने बताया कि मंदिर को फूलों और रंगीन लाइटों से सजाया गया है , वही संध्याकालीन बाबा हरिहरनाथ के भव्य श्रृंगार और आरती किया गया उसके पश्चात भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ. वहीं दूसरी और नारायणी नदी तट स्थित दक्षिणेश्वर काली मंदिर प्रांगण में श्रद्धावन व समाजसेवी शर्मानंद सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ नववर्ष के अवसर पर सैकड़ो लोगों को मुफ्त में भोजन कराये। और मां काली की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी जहां सभी भक्तों ने मां काली का दर्शन किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# उत्साह : लोगों ने अपने-अपने अंदाज से मनाया नव वर्ष का जश्न



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नए साल की शुरुआत उमंग और उत्साह के बीच शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा. नव वर्ष के उमंग पर बच्चे, युवा पीढ़ी एवं महिलाओं, बृद्ध ने देवलयों में पहुंचकर पूजा अर्चना किया और घर में सुख शांति समृद्धि सालों भर बनी रहे और लोग तरक्की करे इसके लिए ईश्वर से आराधना किया फिर युवा वर्ग गंगा के रेत या पार्क, कई पिकनिक स्थलों पर पहुँच कर नव वर्ष के अवसर पर जश्न मनाया. नववर्ष को लेकर बड़ी संख्या में सुबह से ही नगर क्षेत्र के पार्क स्थल, नारायणी नदी, गंगा नदी के तटीय स्थलों पर लोगों का भीड़ जुटान शुरू हों गया जो देर शाम तक चलता रहा । प्राकृतिक सौंदर्य व धार्मिक महत्व वाले स्थानों पर इस बार मेले जैसा नजारा लोगो क़ो देखने क़ो मिल रहा है । लोग अपने जश्न से ठंड को मात देने की तैयारी में रहे । नगर से लेकर ग्रामीण इलाके के युवा वर्ग नववर्ष का स्वागत के लिए जैसे ही 12ः00 के बाद की सुई आगे की ओर बढी वैसे ही मोबाइलों पर घंटियां बजाना शुरू हो गया और नव वर्ष मंगलमय की बधाई देने की सिलसिला शुरू हुआ जो थमने का नाम नहीं ले रहा है. लोग व्हाट्सएप,फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया पर लोगों की बधाई संदेश खूब लोग दे रहे हैं। युवा वर्ग एवं महिलाओं ने सोनपुर में बने नए पार्क में पहुंचकर पिकनिक का आनंद उठाते हुए पार्क में भी घूम घूम कर नये साल का यादगार पलों को याद रखने के लिए सेल्फी लेते हुए मनोरंजन की लुफ्त उठाते हुए अपने कमरे में हर तस्वीर को कैद कर रहे थे. नव वर्ष के आगमन पर जहां पूरा क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला। नव वर्ष के अवसर पर लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ अपने-अपने अंदाज में नव वर्ष का जश्न के रूप में मनाया. कुछ लोग पार्क में पहुँच कर केक काटे तो कुछ लोग घर से ले आये स्वादिष्ट व्यंजनों का खाकर उसका आनंद लेते हुए पार्क में घूम घूम कर तस्वीर ले रहे थे वही युवा वर्ग रेस्टोरेंट में पहुंचकर स्वादिष्ट व्यंजन खाकर तो कुछ युवा डीजे के धुन पर थिड़कते नजर आए.वहीं दूसरी ओर प्रशासन हर गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाये हुए थे जिससे नव वर्ष में कही भी अप्रिय घटना ना घटे।नव वर्ष में लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार अलग-अलग ढंग से स्वादिष्ट व्यंजन घर में बनवा कर उसे खाकर आनंद लिया। गुरुवार की 11ःबजे के बाद से जैसे ही सूर्य का दर्शन हुआ तो लोगों ने उन्हें नमन करते हुए इस बढ़ती ठंड में राहत की सांस लिया।

## सेवा कुटीर सारण में आवासित लाभार्थी को 18 वर्ष बाद परिजनों से मिलाया गया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सामाजिक न्याय एवं पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत सेवा कुटीर सारण में आवासित रोशन कुमार नामक लाभार्थी को आज लगभग 18 वर्ष बाद उसके परिजनों से सफलतापूर्वक मिलाया गया। सेवा कुटीर में आवास के दौरान रोशन कुमार की पहचान, पृष्ठभूमि एवं परिजनों की खोज हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से अंततः उसके परिजनों का पता लगाया गया, जिसके पश्चात आज यह भावुक मिलन संभव हो सका। इस अवसर पर परिजनों ने सेवा कुटीर सारण एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने वर्षों बाद अपने परिजन से मिलना उनके लिए अत्यंत भावनात्मक क्षण है। सेवा कुटीर सारण द्वारा निराश्रित एवं भिक्षावृत्ति से जुड़े व्यक्तियों के पुनर्वास, संरक्षण एवं पारिवारिक पुनर्मिलन हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

इस मौके पर सहायक निदेशक, जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग राहुल कुमार,गृह अधीक्षक राकेश रंजन सिंह,क्षत्र समन्वयक अरुण कुमार, परामर्शदाता रजनीश कुमार व अन्य सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिये किये जा रहे भू-अर्जन की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**मुआवजा भुगतान में तेजी लाकर भू-अर्जन की प्रक्रिया को समयबद्ध ढ़ंग से पूरा करने का निर्देश**



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिलान्तर्गत विभिन्न सड़क परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन किया जा रहा है। विभिन्न परियाजना एवं मौजों में भू-अर्जन की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में है।जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आज विभिन्न परियोजनाओं को लेकर किये जा रहे भू-अर्जन की गहन समीक्षा की। खैरा-बिनटोलिया पथ के तहत भू-अर्जित किये जाने वाले प्लॉट की जमाबंदी को अपडेट करने का निदेश अंचलाधिकारी सदर को दिया गया। एकमा-मशरख पथ में स्थानीय समस्या का निराकरण करने एवं एकमा-डुमाईगढ़ पथ में जमीन की जमाबंदी को अपडेट करने का निर्देश अंचलाधिकारी मांझी को दिया गया।एन-एच 19 के छपरा सेक्शन के बचे हुए भाग की योजना की निविदा प्रक्रियाधीन है, निविदा के निष्पादन के बाद इसमें कार्य कराया जायेगा। रिविलगंज-बिसुनपुरा बाईपास सड़क के लिये सदर एवं रिविलगंज अंचल के 18 मौजों में जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। अधिग्रहण की प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का निदेश दिया गया। सभी संबंधित जमाबंदी को अपडेट करने का निदेश दोनों अंचलाधिकारी को दिया गया। दिघवारा-भेल्दी-अमनौर - तरैया 54 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिये वन विभाग एवं विद्युत विभाग से संबंधित मामले का त्वरित निष्पादन कर अग्रेतर कार्रवाई का निदेश दिया गया। छपरा बाईपास से मेडिकल कॉलेज तक 4 लेन सड़क के निर्माण के तहत भू-अर्जन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने को कहा गया। रिविलगंज बाईपास से संबंधित स्थानीय समस्या को एक सप्ताह के अंतर्गत निष्पादित कर सभी शेष लोगों को मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। गड़खा बाईपास, परसा बाईपास, अमनौर बाईपास, रामजानकी पथ , छपरा बाईपास, शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड, भारतमाला परियोजना के तहत बाकरपुर - मानिकपुर सेक्शन में मुआवजा भुगतान में तेजी लाते हुये भू-अर्जन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निदेश जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को दिया गया।

सड़क निर्माण करने वाली सभी कार्यकारी विभागों को भू-अर्जन की प्रक्रिया के साथ साथ निर्माण कार्य को भी तेजी से आगे बढ़ाते हुए कार्य करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता,जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक एनएचएआई, कार्यपालक अभियंता एन एच डिवीज़न/ पथ प्रमण्डल , सहायक भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं अंचलाधिकारी जुड़े थे।

# रेल सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए समापक भुगतान सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल में दिसंबर माह के अंतिम तिथि तक में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में समापक भुगतान सह विदाई समारोह का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में गरिमामय वातावरण में किया गया।उक्त बात के जानकारी देते हुए पीआरआई रामकुमार ने गुरुवार क़ो बताया कि सामान्य सेवानिवृत्ति के अंतर्गत कुल 15 कर्मचारियों, 01 स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा मृत कर्मचारी के 06 आश्रितों को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा शाल एवं पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा रेलवे को दी गई निष्ठावान एवं समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आश्रितों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल लेखा अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी, विभिन्न यूनियनों, एससी/एसटी एसोसिएशन एवं ओबीसी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह समारोह न केवल सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम बना, बल्कि मानवीय संवेदनाओं एवं संगठनात्मक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल भी सिद्ध हुआ।

# सोनपुर पुलिस ने छापामारी कर दर्जनों देसी शराब भट्टी को किया ध्वस्त, एक युवक को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने बिहार में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए लगातार छापामारी कर रही है। इसी क्रम में सोनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगाजल पंचायत के बबुरवानी एवं परमानंदपुर के डोमवा घाट, रहीमपुर दियरा क्षेत्र में दर्जनों देसी शराब भट्ठी को ध्वस्त करते हुए हजारों अर्धनिर्मित देशी शराब क़ो विनिष्ट किया गया साथ ही मौके पर कुल 700 लीटर देसी शराब को भी बरामद करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने गुरुवार को बताए कि बबुर्बानी में दो जगह पर छापामारी कर 4 देसी शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया. वही डोमवा घाट के दियरा इलाका में देसी शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया है। इस छपामारी में 5 गैस सिलेंडर ,1 चूल्हा को मौके पर जप्त किया गया. इस छापामारी में एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार शराब कारोबारी सुनील कुमार पिता सुरेश राय घर जैतिया थाना सोनपुर के निवासी है। थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि शराब कारोबारी सुनील कुमार इसके पहले भी जेल जा चुका है। इस छापामारी में दर्जनों पुलिस बल मौजूद रहे। उन्होंने यह भी बताया कि शराब धंधेवाज अपने धंधे को बंद कर दें अन्यथा जेल के सलाखों में जाने के लिए तैयार रहे। यह छापामारी अनवरत चलती रहेगी।





# नववर्ष की पिकनिक को लेकर रामघाट पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त, डीएम व एसएसपी रामघाट पहुंचे

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी के रामघाट पर नए वर्ष को सेलिब्रेट करने पहुंचे सैकड़ों युवक व युवतियों की भीड़ उमड़ी। मौके पर पहुंचे सारण के डीएम वैभव श्रीवास्तव तथा एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने रामघाट पहुँचकर लोगों से बातचीत की तथा मौजूद पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। डीएम व एसएसपी ने सीओ सौरभ अभिषेक तथा बीडीओ उपेन्द्र दास तथा नगर पंचायत की इयो रक्षा लोहिया और थानाध्यक्ष देव आशीष हंस से बातचीत की। इससे पहले गुरुवार की सुबह से ही स्थानीय प्रशासन द्वारा रामघाट पर समुचित पुलिस बल एवम गोताखोर आदि को तैनात कर दिया गया था। स्थानीय रेलपुल पर सेल्फी लेने वालों को रोकने हेतु ऊपर भी अलग से पुलिस की तैनाती की गई थी। इधर रामघाट पर पूरे दिन बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहा। घाट पर लगी चाट, छोले गोलगप्पे व जलेबी आदि की दुकानों पर दिन भर लोगों की भीड़ लगी रही। रामघाट पर निर्माणाधीन अटल घाट पर सेल्फी लेने की होड़ सी लगी रही। उधर मांझी प्रखण्ड के गोबरही शिव शक्ति धाम मन्दिर परिसर में नए साल को सेलिब्रेट करने तथा भगवान भोले शंकर को जलार्पण करने हेतु हजारों की भीड़ उमड़ी। मौके पर तैनात पुलिस पदाधिकारी विपुल कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मियों के साथ साथ मन्दिर प्रबंधन से जुड़े सदस्य और ग्रामीणों को स्वयं भीड़ को नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शिव शक्ति धाम तक पहुंचने वाले वाहनों को अलग अलग मुहल्लों में पार्किंग कराना पड़ा तथा पैदल ही लोग मन्दिर परिसर तक पहुंच पा रहे थे। मन्दिर परिसर तक पहुंचने वाली सड़कों पर पूरे दिन जाम का नजारा लगा रहा। मन्दिर परिसर में मौजूद प्रबंध समिति के संयोजक विजय सिंह अजय सिंह,राम नारायण सिंह तथा त्रिगुणानंद सिंह समेत अन्य लोग पूरे दिन जमें रहे।



## नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड में नववर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गईं। तरैया बाजार के समीप स्थित सारण विकास मंच के कार्यालय परिसर में गुरुवार को यह कार्यक्रम को एचएससीएल से सेवानिवृत्त मैनेजर और स्थानीय निवासी भृगुनाथ सिंह के सौजन्य से आयोजित किया गया था। आपको बता दें कि सेवानिवृत्त मैनेजर भृगुनाथ सिंह प्रतिवर्ष ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। वहीं इस प्रतियोगिताओं में चम्मच-गुल्ली दौड़, कुर्सी दौड़ (म्यूजिकल चेयर), कबड्डी और 200 मीटर की दौड़ शामिल थीं। बच्चों ने इन खेलों में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर, सफल प्रतिभागियों को आयोजक द्वारा पाठ्य सामग्री, चॉकलेट और मेडल प्रदान कर सम्मानित उन्हें किया गया। प्रतियोगिता में वरुण कुमार, अरविंद, शिवम, सचिन, संजना, राधिका और पूर्णिमा सहित दर्जनों बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम आयोजक भृगुनाथ सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों में खेल भावना और उनकी प्रतिभावों के साथ-साथ अनुशासन को बढ़ावा देता हैं। मौके पर सारण विकास मंच के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह, कुणाल सिंह, सुजीत कुमार सिंह, मेराजुद्दीन अंसारी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## बैंक के 100 करोड़ लोन देने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित, बैंक की सेवा की दी गई जानकारी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के भारतीय स्टेट बैंक चैनपुर शाखा के द्वारा 100 करोड़ लोन देने के बाद बैक परिसर में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केक काटा गया और सभी आए ग्राहकों को मिठाई खिलाकर बैंक से जुड़े योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक प्रबंधक शशी शेखर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बैंक की तरफ से सेवा प्रबंधक अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी पंकज कुमार, कर्मचारी जगबंधु, राहुल कुमार, रतन कुमार, ब्रज किशोर ठाकुर,पाकीजा आफरीन ने बैंक में आए डीएसपी संजय कुमार सुधांशु, इंस्पेक्टर इंद्रजीत महतों, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान समेत डॉ अवनिन्द्र शरण, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार, चिमनी मालिक युगल किशोर सिंह, रामजीवन सिंह शिक्षक, सुरेंद्रनाथ सिंह शिक्षक, संजय कुमार सिंह, कल्पनाथ सिंह मुखिया, आलू व्यवसाय वीरेंद्र कुमार प्रसाद, व्यवसायी अशोक कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह ÷बिजली÷, बिजली ठेकेदार श्री राम सिंह, स्कूल प्रबंधक मुकेश कुमार का स्वागत किया। मौके पर शाखा प्रबंधक शशी शेखर ने बताया कि शाखा ने 100 करोड़ रुपए लोन की सीमा को पार कर लिया जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आए सभी लोगों को भारतीय स्टेट बैंक के तरफ से चल रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उसका लाभ उठाने के लिए आग्रह भी किया। बैंक प्रबंधक शशी कुमार ने साइबर सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसमें ग्राहकों को मजबूत पासवर्ड/बायोमेट्रिक इस्तेमाल करने, अनजान ऐप्स इंस्टॉल न करने, और पासवर्ड, ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ साझा न करने पर जोर दिया गया है, क्योंकि साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता बेहद ज़रूरी है।

## अनियंत्रित चावल लदा ट्रक पलटा, चालक खलासी बचें

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक धनौती बकवा सड़क पर गुरुवार की सुबह 8 बजें के लगभग चावल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर गढ़े में पलट गया। जिससे इलाक़े में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि चावल लदा ट्रक छपरा से मशरक के रास्ते बकवा में सरकारी गोदाम में जा रहा था कि अनियंत्रित होकर ट्रक गढ़े में पलटी मार दिया। आस पास के लोगों ने चालक खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला।

## बूके देकर पदाधिकारीयों को दी गई नववर्ष की बधाई

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)** गुरुवार को परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षको ने स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद पाण्डेय, सीओ अजय कुमार और थानाध्यक्ष धीरेन्द्र को सम्मानित करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी।तथा नये वर्ष नई उमंग और ताजगी के साथ प्रखंड के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने की अपील की।मौके पर प्रधानाध्यापक कांता राम, रमेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह,परमा राय, शिवकुमार राम सहित कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कचहरी स्टेशन रोड पर दो गुटों में उपद्रव, चाकूबाजी में युवक गंभीर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा कचहरी स्टेशन रोड पर रविवार की शाम उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब करीब आधे घंटे तक उपद्रवियों ने इलाके पर कब्जा जमाए रखा। पुलिस की अनुपस्थिति में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट, चाकूबाजी और लाठी-डंडे का इस्तेमाल हुआ, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद की शुरुआत सलेमपुर पुलिस क्लब परिसर में आयोजित गायत्री यज्ञ के दौरान झूले के पास हुई, जहां किसी बात को लेकर दो पक्षों के युवकों में कहासुनी हो गई। प्रारंभिक विवाद शाम होते-होते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। आरोप है कि एक गुट के युवकों ने दूसरे गुट के दो लड़कों पर अचानक हमला कर दिया। घटना के दौरान हमलावरों ने आकाश नामक युवक को पकड़कर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने के लिए उसका भाई रंजीत आगे आया, तभी हमलावरों में शामिल एक युवक ने रंजीत के माथे पर रिवॉल्वर सटाकर फायर कर दिया। हालांकि रंजीत ने समय रहते झुककर खुद को बचा लिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। इसी दौरान एक युवक को घेरकर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए। इस हमले में भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नबीगंज मोहल्ला निवासी विजय साह का 23 वर्षीय पुत्र अभिनव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। अभिनव के सिर पर छह, हाथ पर एक और पीठ पर गहरे जख्म आए हैं। घटना की सूचना मिलते ही भगवान बाजार थानाध्यक्ष सदर अस्पताल पहुंचे और घायल का हाल जाना। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## विहंगम सेवा संस्थान जलालपुर द्वारा नववर्ष पर दलित बस्ती मे गर्म कपड़े किए गए वितरित

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** नववर्ष पर विहंगम सेवा संस्थान जलालपुर और दधीचि देहदान समिति छपरा के संयुक्त प्रयास से नगरा प्रखंड अंतर्गत धोबवल गांव के महादलित बस्ती में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े तथा बच्चों के लिए बिस्किट नमकीन पानी तथा कंबल वितरित किया गया। नववर्ष पर उपहार सामग्री पाकर सभी



लोग काफी प्रसन्न हुए और बच्चे तो काफी खुश हुए और पढ़ेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया के नारे भी लगाए। इसमें दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष संजीव चौधरी, संजू÷ शशि शेखर, शैलेन्द्र पूरी तथा विहंगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, सचिव शैलेन्द्र साधु, प्रवीण तिवारी डा मुन्ना भास्कर राहुल शर्मा पंकज ठाकुर सुनिल ठाकुर सनी सचिन अरविन्द सहित क ई गणमान्य मौजूद रहे।

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का डीएसपी ने लिया जायजा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु ने नये साल में गुरुवार को मशरक थाना क्षेत्र के कई बैंकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी ने बैंको में बिना काम के घूम रहे लोगों से पूछताछ कर उन्हें फटकार लगायी। इसके बाद बैंक में नियुक्त गार्डों को हिदायत दी कि बिना काम के घूम रहे ऐसे लोगों



पर वह अपनी नजर रखें और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं। उनके साथ इंस्पेक्टर इंद्रजीत महतों, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान भी मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक चैनपुर शाखा के बैंक प्रबंधक शशी शेखर को निर्देशित किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के संदेह होने पर पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सायरन, सीसीटीवी और गा?ईस की ड्यूटी आदि की जानकारी ली। इस दौरान बैंक की व्यवस्था ठीक-ठाक मिली। बैंक में चेंकिग के दौरान सीसीटीवी, अलार्म, सुरक्षा गार्ड, समेत सुरक्षा से जुड़े अन्य बिदुओं की जांच की।



## सीवान : जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण कर मनाया स्थापना दिवस



**परवेज अख्तर/सीवान।** सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट का दस साल पूरा होने में 31 दिसंबर की रात जंक्शन परिसर में हजारों की संख्या में युवाओं के साथ केक काटकर मिठाई, भोजन और कंबल वितरण कर जश्न मनाया गया। वहीं संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष अनमोल कुमार ने कहा कि ये दस साल का सफर आसान नहीं था। संस्था के द्वारा जिले में कई कार्य किया गया। इसमें बहुत कुछ सीखने को भी मिला। अब तक के सफर में साथ देने वाले सभी सदस्यों व जिलावासियों को दिल से धन्यवाद है। बताया कि आगे जिलेवासियों के बहुत से कार्य किया जाएगे जिसे सभी को मदद मिल सके।

## सीवान : शराब की सूचना पर हुई छापेमारी

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के महादेवा रोड़ स्थित उत्पाद विभाग के सदर थाना के समीप शराब बिक्री की सूचना पर टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दर्जनों दुकानों का जांच की,हालांकि किसी भी दुकान से शराब बरामद नहीं हुई। इसके बाद टीम बैरंग लौट आई। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि महादेवा रोड स्थित कुछ दुकानों में शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर मेरे निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने एक साथ करीब दर्जनों दुकानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सभी दुकानों में जांच किया गया। एक-एक सामान को हटाकर जांच हुई। हालांकि किसी भी दुकान से शराब बरामद नहीं हुई इसके बाद टीम लौट आई।

## महाराजगंज को भारत के मानचित्र पर लाने का काम करेंगे -सांसद

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज को भारत के मानचित्र पर लाने का काम करेंगे। यह बातें स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने गुरुवार को सिहौता में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि 2026 वर्ष आज से शुरू हो गया। इस नए वर्ष में महाराजगंज क्षेत्र में बहुत कुछ नए कार्य होंगे, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सकेगा। साथ ही केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार अनेक योजनाएं शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार हर वर्ग के लिए योजना चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वमान्य नेता हैं। विश्व में भारत की एक अलग पहचान है।

## चोरी से बिजली जलाने के मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी

**सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के साघर सुल्तानपुर एवं मराछी गांवों में बिजली कंपनी के कनीय अभियंता नदीम हसन के नेतृत्व में कर्मियों ने छापेमारी कर सात लोगों को चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़ा। इस मामले में कनीय अभियंता ने चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने बुधवार को सभी पर चोरी से बिजली जलाने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी कराई है। इसमें उन्होंने साघर सुल्तानपुर के पप्पू राय, मराछी के प्रेमशंकर सिंह, मुकेश कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह, माया शंकर सिंह, रामजतन महतो एवं मनोज सिंह को आरोपित किया है। प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गंडक नदी डूबने से अधेड़ की मौत

**सिवान।** गुठनी थाना क्षेत्र के गोहरुआ गांव के समीप गुरुवार की सुबह छोटी गंडक नदी से उपलाता हुआ एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी झब्बु लाल मल्लाह (56) के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक झब्बुलाल के स्वजनों ने बताया कि वे बुधवार को अपराह्न घर से शौच करने की बात कह कर निकले थे, लेकिन जब वह देर रात तक वापस घर लौटे तो चिंता हुई और उनकी खोजबीन शुरू कर दी गई। इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी गई। ग्रामीणों ने स्वजनों के साथ पूरी रात विभिन्न जगहों पर उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। जब गुरुवार की सुबह गंडक नदी में मछुआरे मछली पकड़ने के लिए गए तो गहरे पानी में उपलाता हुआ एक शव दिखाई दिया। इसके बाद मछुआरों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीण वहां पहुंच मछुआरों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद नदी से उनके शव को बाहर निकाला। वहीं शव मिलने की सूचना पर स्वजन भी पहुंचे गए तथा शव की पहचान कर रोने लगे। घटना की सूचना थाना को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा बना पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना था कि स्वजनों के लिखित आवेदन के बाद प्राथमिकी की जाएगी। वहीं सीओ डा. विकास कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हमारी टीम जांच करेगी। इसके बाद मुआवजा राशि देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## चाकू से घायल राजस्व अधिकारी के पुत्र पीएमसीएच रेफर, स्थिति गंभीर

**सिवान।** महाराजगंज शहर के बोर्ड मिडिल स्कूल के मैदान में बुधवार की दोपहर क्रिकेट खेल रहे राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह के पुत्र चंद्र प्रताप सिंह उर्फ भोलु सिंह को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। स्वजन उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाए, जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि भोलू के फर्द बयान के बाद प्राथमिकी कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भोलू का कुशलक्षेम पूछने के लिए महाराजगंज बीडीओ बिंदु कुमार सदर अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस निरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों से कांड में शामिल लोगों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

## सीवान : ग्रामीण क्षेत्रों में रहा नववर्ष का उत्साह, मंदिरों में पूजा को उमड़ी भीड़

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को सभी वर्ग के लोगों में नववर्ष का उत्साह देखा गया है। इस मौके पर श्रद्धालु घर व मंदिरों में पहुंच देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर परिवार व समाज की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिरों में भी पूजा के लिए भीड़ देखी गई। इसके बाद वह घर पहुंच स्वादिष्ट पकवान का स्वाद चखा। इसके अलावा कई श्रद्धालुओं ने विभिन्न जगहों पर जाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्वाद चखा तथा झूमते नजर आए।वहीं सिसवन प्रखंड के मेंहदार स्थित महेंदनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के लिए अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। यहां करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की जलाभिषेक किया। वहीं गुठनी सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। यहां भी करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके अलावा जीरादेई के अकोल्ही स्थित अनंतधाम, मैरवा हरिराम ब्रह्म, बड़हरिया के यमुनागढ़, महाराजगंज के जरती माई मंदिर, दारौंदा के हड़सरी देवी, भगवानपुर हाट के बिठुन देवी, भिनिक भवानी मंदिर, खैरवा मंदिर, हयातपुर शिव मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धाुओं के लिए भीड़ देखी गई। साथ ही अपने ईष्टजन, रिश्तेदार समेत अन्य लोगों को मोबाइल से नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

## सीवान : ट्रेन से लावारिश हालत में शराब बरामद



**परवेज अख्तर/सीवान।** आरपीएफ ट्रेन स्कार्ट कंपनी गोरखपुर (पूर्व) के स्कार्ट पार्टी द्वारा गाड़ी संख्या 15028 मौर्या एक्सप्रेस से लावारिश हालत में शराब बरामद किया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी तथा सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल एस्कार्ट कंपनी गोरखपुर पूर्व के स्कार्ट पार्टी द्वारा गाड़ी संख्या 15028 मौर्या एक्सप्रेस का गोरखपुर से सिवान तक स्कार्ट कर रही थी। इसी दौरान गाड़ी के बी नौ कोच के शौचालय के पास से एक काले रंग के पिट्ठू बैग को बरामद किया गया। जांच के दौरान 32 बोतल शराब बरामद हुई। लावारिश हालत में पाकर जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर उतारा गया। जिसे जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत पांच हजार एक बीस रुपया है। जिसे उत्पाद विभाग के निरीक्षक विकेश कुमार राय को विधिक कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा-शेरही मुख्य पथ पर उस्ती दलित बस्ती स्थित चेमनी के समीप गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस्ती निवासी संजय प्रसाद के पुत्र अंशु कुमार (20) के रूप में हुई है। बताते हैं कि अंशु कुमार अपनी दादी के श्राद्ध कर्म के लिए चावल लाने के लिए गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे बाइक से बगौरा बाजार जा रहा था। इसी दौरान उस्ती दलित बस्ती चेमनी के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंशु कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। घटना की जानकार होते ही ग्रामीण संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन भी घटनास्थल पर पहुंच दहाड़ मारकर रोने लगे। घटना की जानकारी थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकार ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल कर फरार वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है तथा सभी बिंदुओं पर जानकारी एकत्र कर रही है। बताया जाता है कि महज एक पखवाड़े के भीतर ही दादी और पोते की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है।

